## खबर संक्षेप

### 67वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन 27 दिसंबर को

**सतना।** जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित ने बताया कि 67वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023 का उद्घाटन समारोह 27 दिसंबर को दोपहर 1:30 बजे एकडमिक हाईट्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही सतना में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद गणेश सिंह और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर नगर निगम योगेश ताम्रकार करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि समारोह में 11, 14, 17, 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं द्वारा रोलर स्केटिंग का प्रदर्शन किया जायेगा।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**सतना।** रघुराजनगर अनुभाग के प्राकृतिक आपदा से पीड़ति दो परिजनो को 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। राजस्व विभाग के आरबीसी 6-4 के प्रावधान के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रघुराजनगर (नगरीय) द्वारा सिंधी कैंप निवासी रामजी मिश्रा और लखनलाल कोल को पुत्री की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### पोर्टल पर मेरिट लिस्ट जारी

**सतना।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सुपर 5000 योजना अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल से शैक्षणिक सत्र 2022-23 की प्राप्त मेरिट लिस्ट श्रम विभाग के पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। मंडल अंतर्गत वैध पंजीयन धारक श्रमिक अपने पुत्र-पुत्री के लिए आवेदन कर सकते हैं। मंडल द्वारा सभी जिलों के श्रम पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पत्रों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

### विकास कार्यो की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट रीवा में

**सतना।** विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक अपर मुख्य सचिव वन तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण जेएन कांसोटिया की अध्यक्षता में 26 दिसंबर को कलेक्ट्रेट रीवा के मोहन सभागार में प्रातः 11.30 बजे से आयोजित की गयी है। बैठक में रीवा संभाग के जिलों के कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी,आयुक्त नगर निगम रीवा, सतना एवं सिंगरौली तथा सभी विभागों के क्षेत्रीय एवं संभागीय अधिकारी भाग लेंगे।

### आदर्श वॉलीबॉल क्लब की बैठक आयोजित

**मैहर।** आदर्श वॉलीबॉल क्लब मैहर के तत्वाधान में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट के संबंध में आवश्यक बैठक का आयोजन क्लब अध्यक्ष राम सिंह,संरक्षक टी आर बाजपेई,नीरज गर्ग,श्री राम पांडे के विशेष उपस्थिति में किया गया। बैठक में अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन के संबंध सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। टूर्नामेंट की संभावित तिथि 9,10 एवं 11 फरवरी 20 24 तय की गई है। क्लब के सचिव अरूण तनय मिश्र ने बताया कि अखिल भारतीय वालीबाल (महिला एवं पुरुष वर्ग) टूर्नामेंट का आयोजन खेल मैदान मैहर में 9 फरवरी से 11 फरवरी 2024 तक संभावित तिथि तक की गई है। आगामी बैठक का आयोजन विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं गणमान्य जनों शहित संरक्षक मंडल की उपस्थिति में किया जाकर तिथि को सुनिश्चित किया जाएगा।

**रैगांव से रिकार्ड मतों से चुनाव जीतने वाली प्रतिमा को बनाया गया राज्यमंत्री**

# मोहन मंत्रिमंडल में मिला सतना जिले को प्रतिनिधित्व

**सतना।** मध्य प्रदेश में सत्ता हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी की मोहन यादव सरकार में में सतना जिले को महत्व दिया गया है। मंत्रिमंडल में रैगांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतने वाली महिला विधायक प्रतिमा बागरी को मंत्री बनाकर सतना जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया गया है।

प्रतिमा बागरी को टीम मोहन में जगह मिलने से कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है। उनके ससुराल और मायके में खुशी का माहौल है। प्रतिमा बागरी ने अपने उसी प्रतिद्वंदी को परास्त किया,जिसने रैगांव के उप चुनाव में उन्हें हार का स्वाद चखाया था।



### हार के बाद भी क्षेत्र में बनाए रखी सक्रियता

आमतौर पर कोई भी नेता चुनाव में मिली हार के बाद कुछ समय के लिए शांत पड़ जाता है, लेकिन उप चुनाव में मिली हार को उन्होंने अपने लिए आशीर्वाद ही माना और लगातार रैगांव क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए अपना स्थान बनाना जारी रखा। लंबे वक्त से भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता के रूप में वे रैगांव विधानसभा सीट पर काफी सक्रिय रहीं हैं। जिसका फायदा इन्हें मिला और यह विधायक बनकर विधानसभा पहुंची। बताया जाता है कि 2017 से लेकर 2020 तक वे महिला मोर्चा में जिला महामंत्री थीं। इसके बाद बीजेपी की जिला कार्यकारिणी में महामंत्री हैं। अब विधायक भी हैं। उनके पति संदीप बागरी व्यवसायी हैं।

### सोमवार की सुबह आया फोन

नजदीकी सूत्र बताते हैं कि सोमवार की अल सुबह प्रतिमा बागरी के पास फोन आया था। जिसके बाद वे भोपाल के लिए रवाना हो गईं थी। प्रतिमा बागरी पहली बार विधायक बनीं और उन्हें मंत्री पद से नावाजा गया। इससे पहले इसी सीट से स्वर्गीय जुगुल किशोर बागरी भी राज्यमंत्री रह चुके हैं। वहीं अब प्रतिमा बागरी को मंत्री पद मिला है। वैसे प्रतिमा और स्वर्गीय जुगुल किशोर बागरी के बीच खास रिश्ता है। स्वर्गीय जुगुल और प्रतिमा बागरी के बाबा जीवन दास बागरी सगे भाई थे। ऐसे में दोनों के बीच बाबा और नातिन का रिश्ता है। समाज कार्य में मास्टर्स और एलएलबी की पढ़ाई प्रतिमा बागरी की स्कूलिंग सतना में हुई। उच्च शिक्षा उन्होंने अवधेश प्रताप सिंह विवि रीवा से प्राप्त की। उनके पिता जय प्रताप बागरी राजनीति में सक्रिय थे,हालांकि उन्हें राजनीति में आगे बढने का मौका नहीं मिला। बीजेपी ज्वाइन करने के बाद पहले पार्टी ने उन्हें महामंत्री का महत्वपूर्ण पद सौंपा। इसके बाद जब 2021 में विधायक जुगुल किशोर बागरी का निधन हुआ तब यहां उप चुनाव हुए और टिकट प्रतिमा को मिली। हालांकि पार्टी में आंतरिक विरोध के बाद वे चुनाव हार गईं। 2023 के चुनाव में भी विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन भाजपा नेत्री ने रिकार्ड जीत (36 हजार वोटों से)अर्जित कर सभी के मुंह बंद कर दिए।

## नगरीय निकायों एवं पंचायतों के उप निर्वाचन की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश

**सतना।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सतना और मैहर जिले में नगरीय निकायों में रिक्त पार्षद पद और त्रि-स्तरीय पंचायतों के रिक्त पंच एवं सरपंच पद के निर्वाचन की कार्यवाहियां प्रचलन में हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन की विभिन्न गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश जारी किये गये हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुपलान में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा सतना और मैहर जिले में नगरीय निकाय और पंचायतों में रिक्त पदों के लिये होने वाले उप निर्वाचन की गतिविधयों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों,मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और मख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिये गये हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि उप निर्वाचन की प्रक्रिया को परिणामोन्मुखी और प्रभावी बनाने के लिये मतदाताओं तथा अभ्यर्थियों को मतदान की प्रक्रिया,मतदान के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं,संबंधित चुनाव के लिये स्थापित किये गये सहायता केन्द्रों की जानकारी,मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने वाले दस्तावेजों की जानकारी,मतदान केन्द्रों एवं मतदान दिनांक की जानकारी का स्थानीय तौर पर व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक रूप से कराया जाये। संबंधित नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों की साधारण सभा की बैठकों,हाट-बाजारों,मेलों,भीड़ वाले क्षेत्रों तथा आंगनबाड़ियों में पूर्ण जांच एवं परीक्षण के उपरांत अभिप्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ( ईवीएम) का विधिवत प्रदर्शन करते हुये,उसकी कार्यप्रणाली एवं संचालन की प्रक्रिया विस्तार पूर्वक समझायी जाए। प्रचार-प्रसार के लिये परम्परागत साधनों ग्राम पंचायतों में डोंडी पिटवाकर (मुनादी) तथा नगरीय निकायों के संबंधित वार्डों में लाऊड स्पीकर के माध्यम से का उपयोग किया जा सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) के लिये जारी निर्देशों के अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पार्षद पद के लिए निर्वाचन ईव्हीएम के माध्यम से तथा पंच पद का निर्वाचन मतपत्र एवं मतपेटी के माध्यम से होगा।

## 11 लाख की लागत से बने चेकडैम में 3 लाख 54 हजार की रिकवरी



**सतना।** अंततः 5 माह बाद जागे उचेहरा जनपद के जिम्मेदार अधिकारी ग्राम पंचायत जाखी के तत्कालीन सरपंच द्रोपदी बाई,सचिव ब्रजकिशोर द्विवेदी एवं रोजगार सहायक सहायक लखन प्रजापति को दोषी पाते हुए 3 लाख 54 हजार के रिकवरी के आदेश जनपद कार्यालय उचेहरा से जारी हुआ है।

**ग्राम पंचायत द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन बनाया गया था चेक डैम,पहली बारिश में ही बह गया था**

### क्या है मामला

पूरा मामला उचेहरा जनपद के जाखी ग्राम पंचायत के लखमद गांव का है जहां ग्राम पंचायत द्वारा 11 लाख की लागत से चेकडैम का निर्माण किया गया था जिसमे निर्माण के दौरान ही घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और गुणवत्ताहीन होने चलते पहली बारिश में ही टूटकर बह गया था। जिसके चलते आसपास के किसानों के खेतों और फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा था खेत की काफी मिट्टी बारिश में बह गई थी। जिस पर गांव के प्रभावित ग्रामीण कई बार जनपद कार्यालय पहुंच चेक डेम निर्माण की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी।

### 11 लाख के चेक डैम की रिकवरी आधे से भी कम

जांच टीम का गठन किया गया था जिसमे उचेहरा सीईओ प्रभा टेकाम,तहसीलदार मीनाक्षी जायसवाल, सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग मनोज श्रीवास्तव,सलिल सिंह सहायक यंत्री जनपद उचेहरा को शमिल किया गया था और 3 दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था,पर इस टीम को चेक डैम फूटने के कारण डैम से सटे किसानों की फसल जमीन के नुकसान का आकलन भी करना था। टीम रिपोर्ट सौंपने में 5 महीने का समय लगा चुकी है और निर्माण कार्य में लगने वाली लागत 11 लाख 10 हजार में आधे से भी कम 3 लाख 54 हजार की क्षति होने का मूल्य किया है। जिस पर गांव के पीड़ित किसानों ने जांच टीम द्वारा निर्माण एजेन्सी को बचाने का प्रयास करने की बाते कर रहे हैं। और फिर से जनपद और उचेहरा एसडीएम से जांच की मांग उठाने की बाते कर रहे हैं।

## विधायक कि समझाइश के बाद हड़ताल से वापस लौटे सफाई कर्मी

**मैहर।** अनिश्चित कालीन हडताल पर गए सफाई कर्मचारियों की वजह से नगर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसकी वजह से नगर के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। नगर पालिक के पदाधिकारियों और अधिकारियों की समझाइस का जब कोई असर होता नही दिखा तो विधायक चतुर्वेदी ने मैहर नगर पालिका के पास पीआईसी बिल्डिग में सफाई कर्मचारियों के साथ एक बैठक की। जिसमें नगर के सभी स्थाई और अस्थाई कर्मचारियों और संबधित विभाग के लोगों को अमंत्रित किया गया। जहां पर विधायक ने सफाई कर्मचारियों की परेशानियों को सुना और जल्द निराकरण करने का अश्वासन दिया गया। जिसके बाद सफाई कर्मियों ने सहमति दिखातें हुए काम पर वापस लौटने राजी हुए। लम्बी चली इस वार्तालाप में एक बात का खुलासा हुआ की कर्मचारियों के बताये अनुशार 249 सफाई कर्मचारियों का वेतन ठेकेदार द्वारा हर माह दिया जाता रहा है। इसके अलावा 30 सफाई कर्मचारियों का भुगतान का सही विवरण नही दिया गया है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार अपने रिश्तेदारो के नाम से वेतन लेता है जो कभी भी सफाई करने के लिए नगर में मौजूद नही रहते हैं और यह खेल पिछले कई महीनो से नगर पालिका अधिकारियों की मिली भगत से फल फूल रहा है। जिसको संज्ञान में लेते हुए विधायक ने जांच के आदेश दिये,साथ ही जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यावाही करने के निर्देश दिये गये जिसके बाद कर्मचारियों ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने काम पर वापस लौटे और दोपहर में नगर में सफाई व्यावस्था को दुरूस्त किया गया।

## राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन 12 से 16 जनवरी तक

**सतना।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि भारत शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार वर्ष 2023 में राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन पुणे (महाराष्ट्र) में 12 से 16 जनवरी के मध्य किया जा रहा है। जिसमें जिला,संभाग और राज्य स्तर पर 8 विधाओं (लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन,पोस्टर मेकिंग,भाषण एवं फोटोग्राफी) की प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। उन्होने बताया कि जिला एवं संभाग स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन वर्चुअली किया जायेगा एवं संभाग स्तर पर चयनित दल राज्य स्तर पर भौतिक रुप से अपनी प्रस्तुति देगा। जिला स्तर पर 27 दिसंबर को वर्चुअली चयन किया जायेगा।

### प्रतियोगिता में शामिल होने 26 दिसंबर तक अपने प्रदर्शन का भेजें वीडियो

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय आयोजन में शामिल होने 15 से 29 वर्ष आयुवर्ग के कलाकार प्रतिभागी 26 दिसंबर को शाम 5 बजे तक अपने प्रदर्शन का वीडियो बनाकर जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय सतना की ईमेल आईडी या व्हाट्सअप नंबर 8982237027 या पेनड्राइव पर अपलोड कर भेज सकते हैं। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा 27 दिसंबर को चयन किया जायेगा। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों की वर्चुअल प्रस्तुति 29 दिसंबर को संभाग स्तरीय चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। साथ ही उसी दिन विजेता दल की भी घोषणा की जायेगी। संभाग में चयनित विजेता दल को राज्य स्तरीय समारोह में भौतिक रुप से प्रस्तुति देने 2 जनवरी 2024 को भोपाल रवाना किया जायेगा।

### 8 विधाओं को किया गया है शामिल

वर्ष 2023 के राष्ट्रीय युवा उत्सव में 8 विधाओं के कलाकार प्रतिभागी प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। शासन के निर्देशानुसार प्रतियोगिता में लोकनृत्य विधा में अधिकतम 10 कलाकार 15 मिनट तक एवं लोकगीत विधा में 10 कलाकार 10 मिनट की प्रस्तुति दे सकेंगे। इसी प्रकार एकलनृत्य में 5 कलाकार 7 मिनट,एकलगीत में 5 कलाकार 7 मिनट,कहानी लेखन में 3 कलाकार 60 मिनट,पोस्टर मेकिंग में 2 कलाकार 90 मिनट,भाषण में 2 कलाकार 3 मिनट तथा फोटोग्राफी विधा में अधिकतम 2 कलाकार 10 मिनट की प्रस्तुति दे सकेंगे। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय आयोजन में प्रस्तुति के दौरान लगने वाले उपकरण, वाद्ययंत्र, वेशभूषा, मेकअप किट तथा अन्य आवश्यक सामग्रियां प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा।

## मैहर जिले की व्यवस्था और विकास के लिए व्यापारी प्रबुद्ध जनों के साथ विधायक ने की बैठक

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने प्रबुद्ध जन एवं नगर के वरिष्ठ व्यवसाईयों वरिष्ठ अधिवक्ता समाज सेवियों के साथ सामूहिक बैठक की गई। बैठक में मुख्य बिंदु मैहर शहर के विकास कार्य मां शारदा लोक का निर्माण और सड़कों के चौड़ीकरण और बाजार से अतिक्रमण मुक्त करने हेतु सुझाव मांगा गया। जिस पर सभी लोगों ने अपने सुझाव और राय खुले मंच में साझा की। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,सुमोद घई,वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल द्विवेदी,के के गर्ग,दिलीप त्रिपाठी अध्यछ एड.संघ, जवाहर संतानी के अलावा नगर के गणमान नागरिक समाजसेवी व्यापारी व्यवसाय काफी मात्रा में उपस्थित हुए। बैठक का संचालन कर रहे सतीश मिश्रा ने सभी का स्वागत करते हुए परिचय कराया एवं इस अवसर पर मैहर विधायक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मैहर के विकास के लिए किसी प्रकार के कोई बजट की कमी नहीं है,शहर का विकास और धूल मुक्त करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके अतिरिक्त व्यापारी और व्यवसाईयों के साथ मिलकर ही शहर का विकास कार्य तेजी से किया जाएगा।

### रेल्वे स्टेशन के मुख्य चौराहे में अवैध अतिक्रमण से यात्री परेशान

**मैहर।** नगर में प्रतिदिन लाखों कि संख्या में दर्शनार्थी माता के दर्शन करने के लिए आते हैं जिन्हें सबसे पहले मैहर रेल्वे स्टेशन से होकर मैहर में प्रवेश करना होता है। जिसके लिए यात्रियों को अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पडता है। रेल्वे स्टेशन के बाहर शहर का मुख्य द्वार बनाया गया है। गेट के सामने अवैध तरीके से बीच संडक पर कब्जा करते हुए फल सब्जी का ठेला लगाया जाता है जिसकी वजह से रास्ता बाधित होता है। कई बार तो यात्रियों के निकलने को लेकर आटो वालो और ठेले वालो की बहस भी हो जाती है मगर दबंगई के दम पर लगाए गए ठेला और फुटपाथी दुकानो पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही कि जाती है जिसको लेकर कई बार स्थानिय लोगो द्वारा शिकायतें भी की गई मगर कोई असर नही हुआ। रात में यात्री जो माता के दर्शन करने आता है वह किस तरह से बच बचा कर अपने परिवार को स्टेशन के बाहर निकालता है जिसका संज्ञान लेने वाला कोई नही है।

## युवाओं ने आम व तुलसी का पौधारोपण कर ली सुशासन दिवस की शपथ

**भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जयंती पर हुआ कार्यक्रम**

**उमरिया।** भारत रत्न व पद्म भूषण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती एवं तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम के द्वारा बिरसिंहपुर पाली के वार्ड नंबर-14 आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, माँ सरस्वती के वरद पुत्र, ओजस्वी वक्ता, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए आम एवं तुलसी का पौधा लगाकर पौधा रोपण किया गया। युवा हिमांशू तिवारी ने कहा कि परमाणु संपन्न राष्ट्र के ध्येय की प्राप्ति के लिए अडिग रहे अटल जी ने इस स्वप्न को साकार करने के साथ सुशासन से देश को नई ऊँचाइयों पर ससम्मान प्रतिष्ठित किया। सहज एवं सरल व्यक्तित्व के धनी, श्रद्धेय अटल जी ने राष्ट्र एवं समाज उत्थान के लिए कड़े फैसले लेने में कभी हिचक नहीं दिखाई। उनके विचारों के शुभ प्रकाश से माँ भारती का कोना-कोना आलोकित और सेवा के मधुर भाव से प्रत्येक हृदय सुवासित होता रहेगा। उन्होंने कस्बे में बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक सबको पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कवि हृदय वाजपेयी के जयंती में खुद पौधे लगाए। उन्होंने इस अवसर पर संकल्प लिया कि वह पर्यावरण प्रेमी रहे पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के हर जयंती पर पौधे लगाएंगे। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत ही पूजनीय और पवित्र माना गया है। शास्त्रों में तुलसी के पौधे को देवी लक्ष्मी का रूप माना गया है। जिन घरों में तुलसी का पौधा लगा होता है और नियमित रूप से इनकी पूजा होती है वहां पर हमेशा सुख-समृद्धि का वास रहता है। वास्तु शास्त्र में भी तुससी के पौधे विशेष महत्व होता है। तुलसी के पौधे में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने की क्षमता होती है। पौधारोपण के दौरा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना सिंह राठौर, सहायिका शांति कोल,युवा हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,स्वाति दुबे,कमल कोल, कार्तिक कोल,ज्ञाने कोल, अनुराग ,महक रजक, योगेश बर्मन, संदीप बैगा, सूर्या बैगा, रागिनी बैगा, अंश, जिया सिंह, धर्मेश सिंह, सुजीत बैगा, राधे, आमिर, सविमी शुभम साहू,लक्ष्मी बैगा, तौफीक अंसारी एवं सभी उपस्थित रहे।

## छात्र परिषद् की बैठक आयोजित

**मैहर।** छात्र परिषद् की नगर इकाई की आवश्यक बैठक स्थानीय सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र परिषद् के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई,जिसमे आगामी 14 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले मेघावी छात्र सम्मान एवं प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की गई जिसमे राम जन्मभूमि से संबंधित कार्यक्रम भी तय किया गया। ज्ञातव्य हो कि छात्र परिषद् द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वामी विवेकानन्द जयंती युवा दिवस पर मेघावी छात्र सम्मान एवं प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमे हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2023 में 92 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायगा साथ ही नगर स्तर पर आयोजित होने वाली सामान्य ज्ञान एवं रंग भरो प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इस वर्ष भी उक्त कार्यक्रम का आयोजन होना है। जिसमे रंगोली प्रतियोगिता भी रखी गई है।

# पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय शातिर चोर गिरोह के 5 सक्रिय सदस्यों को किया गया गिरफ्तार







## ज्वैलर्स की दुकान मे गैस कटर का उपयोग कर दिया गया था चोरी की घटना को अंजाम ,जिसका 01 सप्ताह के अंदर किया गया खुलासा

फरियादी प्रदीप सोनी पिता रामस्वरूप सोनी निवासी अमानंगज के द्वारा दिनाँक- 17/12/2023 को रिपोर्ट किया कि, दिनाँक 16-17/12/2023 की दरम्यानी रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा गैस कटर से ताला काटकर दुकान मे रखी 01 किलो 200 ग्राम चाँदी एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए है,

पन्ना।

साथ ही गैस कटर से तिजोरी काटने का प्रयास भी किया गया है जो कि दुकान मे लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरे मे स्पष्ट दिखाई दे रहा है, फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज मे अपराध क्र. 525/23 धारा 457, 380 ता.हि. का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को शहर मे हो रही चोरियों का खुलासा करने के संबध मे दिशा निर्देश दिए गए थे। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमानगंज उनि. महेन्द्र भदौरिया के नेतृत्व में उक्त घटना के खुलासा हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा चोरी का खुलासा करने हेतु शहर एवं शहर से बाहर लगे लगभग 200 सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला गया। साथ ही मुखबिर मामूर किए गए। सीसीटीव्ही कैमरों को बारीकी से देखने पर पाया की एक संदेहस्पद बिना नम्बर की छर्म टम्छन्म कार दिखाई दी, जिसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा जानकारी एकत्रित की गई। इसी तारतम्य में आज दिनांक 25/12/2023 को थाना प्रभारी आमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक आई-20 कार मे 05 संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए है,जिसमे से एक व्यक्ति समान हुलिया का वैसा ही दिखाई दे रहा जो ज्वैलर्स की दूकान मे लगे सीसीटीव्ही कैमरे मे दिखाई दे रहा था। मुखबिर सूचना एवं सायबर सेल की मदद से पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर उक्त संदेहियो को पकडा कर गिरफ्तार किया गया,आरोपियों से सख्ती से पूँछताछ करने पर आरोपियों द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा आई-20 कार एवं संदेहियो की सघन तलाशी ली गई, जिसमे आरोपियो के पास से 02 देशी कट्टा व 07 जिंदा कारतूस , घटना मे प्रयुक्त गैस कटर सहित निम्न सामान प्राप्त हुआ है। आरोपियों को पुलिस रिमाण्ड पर लेकर पूछंताछ की जा रही है, जिससे और चोरियों का खुलासा होने की संभावना है।

### ये है मुख्य आरोपी

राहुल उर्फ बल्ली कुशवाह पिता सूरतराम कुशवाह उम्र 30 साल निवासी ग्राम बिजौलीपुरा थाना माता बसैया जिला मुरैना, प्रमोद कुशवाहा पिता विद्दाराम कुशवाहा उम्र 30 साल निवासी रामचरण का पुरा (देवीपुरा)थाना सिविल लाईन जिला मुरैना, बीरेन्द्र उर्फ बीरू कुशवाह पिता मुन्ना लाल कुशवाह उम्र 28 साल निवासीग्राम मानिक का पुरा थाना दिमनी जिला मुरैना, संजू सिंह गुर्जर पिता रामसिहं गुर्जर उम्र 26 साल निवासी भभूती की साला थाना माताबसैया जिला मुरैना, रामकेश कुशवाह पिता हरिसिहं कुशवाह उम्र 25 साल निवासी ग्राम उम्मेदगढ बांसी थाना बागचीनी जिला मुरैना

### आरोपियों से जप्त सामग्रीः-

02 देशी कट्टा एवं 07 कारतूस किमती करीब 19000, एक छर्म भ्ल्न्छक।प् टम्छन्म कार कीमती 13 लाख रूपए, एक भ्ल्न्छक।प्20 कार किमती 07 लाख रूपए04. 05 नंग टच मोबाईल किमती 10 हजार, 01 गैस कटर एवं 02 सादा बडे कटर, आक्सीजन सिलेण्डर 01, गैस सिलेण्डर 01, 02 पेंचकर, 02 टार्च, 02 डाईलीवर, 01 प्लास, 01 रेंच पाना, 01 मिनि एलएनटी, 04 जोडी चाँदी की पॉयल, 01 जोडी कान की झुमकी, 02 जोडी नाक की कील, 01 सोने की अंगूठी, 04 चाँदी की चूडी, 07 चाँदी के सिक्के 03 जोडी विछिया कीमती करीब 01 लाख 12 हजार कुल मशरूका 22 लाख रूपए का जप्त किया गया।

### अपराधिक खुलासा

थाना अमानगंज के अपराध क्रमांक 04/23 धारा 457, 380 ता.हि., अपराध क्र. 253/23 धारा 457, 380 ता.हि., अपराध क्र. 291/23 धारा 457, 380 ता.हि., अपराध क्र. 325/23 धारा 457, 380 ता.हि., अपराध क्र. 525/23 धारा 457, 380 ता.हि.।

### तरीका ए वारदात

01. आरोपियों द्वारा घटना दिनाँक से 05-06 दिन पूर्व रैकी करते है इसके बाद घटना कारित है।

02. घरों मे ताला लगा देखकर गैस कटर से काटरकर घटना को अंजाम देते है।

### सराहनीय योगदान

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिय, प्रभारी सायबर सेल उनि. अनिल सिंह , उनि. रचना पटेल, प्र. आर. मुकेश सोनी, आर. तुलसी, मेहरबान सिंह, द्वारका अहिरवार, राजीव मिश्रा, गिरधारी साहू, सायबर सेल से प्र.आर. नीरज रैकवार, राहुल सिहं, आर. आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह, राहुल पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### अल्प प्रवास के लिए पवई पहुंचे बागेश्वर धाम सरकार

**पन्ना।** कटनी जिले के पुरैनी में बनने वाले बागेश्वर धाम आश्रम का भूमि पूजन करने के उपरांत बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सोमवार को बागेश्वर धाम जाते समय अल्प प्रवास के लिए पवई पहुंचे जहां वह बागेश्वर धाम शिष्य मंडल के शैलेश नगायच के निवास पर अल्प समय के लिए रुके एवं उनका हाल-चाल जाना साथ ही जलपान भी ग्रहण किया द्य बागेश्वर धाम सरकार के पवई पहुंचने की जानकारी जैसे ही नगर वासियों को लगी तो तत्काल ही सैकड़ो की संख्या में नगर वासी दर्शन करने के लिए नगायच निवास पर इकट्ठे हो गए एवं महाराज श्री के दर्शन का लाभ प्राप्त किया द्य महाराज के दर्शन पाने हजारों भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा लगभग आधा घंटे तक महाराज ने पवई में विश्राम किया और भक्तों को दर्शन दिए उन्होंने अपने आशीष वचन में कहा कि आने वाले समय में हनुमान भाटे में बालाजी के आशीर्वाद से धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगा, इस दौरान संतोष नगायच अरुण नगायच नगायच परिवार व भक्तगण मौजूद रहे।


### अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती मनाई



**पन्ना।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फुलवारी गुखोर राजापुर के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई जिसमें गोष्टी रैली स्वच्छता वृक्षारोपण कार्यक्रम खेलकूद आयोजित किए गए कार्यक्रम में अटल जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके शासन काल मे किए गए कार्यों पर चर्चा हुई प्रधानमंत्री सड़क योजना प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड जैसे इतिहासिक कामों को याद किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवांकुर संस्था से एम एल विश्वकर्मा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजापुर के अजय वर्मा गुखोर से दिनेश कुशवाहा मुन्नालाल कुशवाहा राजेंद्र लूनिया शीतल प्रसाद कुशवाहा कंदीलाल कुशवाहा गणपत कुशवाहा मोहन सिंह कुशवाहा तीरथ प्रसाद हर प्रसाद कुशवाहा बलिराम यादव राम ब्रज कुशवाहा लल्लू लाल यादव इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला महामंत्री बने राम नारायण चौरसिया

**पन्ना।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष



द्वारा पन्ना जिले के मोहनद्रा निवासी समाजसेवी वरिष्ठ भाजपा नेता रामनारायण चौरसिया को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन का जिला महामंत्री बनने पर श्री चौरसिया को पन्ना जिले के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं समाजसेवी संगठन साथियों एवं स्थानीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### कई अधिकारी अब कहीं न कहीं असमंजस के हालात में जरूर हो सकते है

**पन्ना।** राजनीति का रूतबा ही प्रशासनिक अधिकारियों को जगह बनाने व हिलाने को लेकर जाना जाता है। जिले में जिस तरह के हालात की दिशा तय हो रही है उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में कई राजनैतिक सरंक्षण वाले प्रशासनिक अधिकारी जो पन्ना को ही जागीर बनाये हुए है। ये अपनी जगह जरूर तालाशने को लेकर मजबूर हो सकते है।

## जिले के लोगों में उदासी, नहीं मिली पन्ना को मंत्री मण्डल में जगह

### आम जनता ने तीनों सीटें भाजपा के झोली में डाली फिर भी मंत्री पद को लेकर तीनों विधानसभाओं से उचित नहीं समझा गया समझ से परे

पन्ना।

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार में पन्ना जिले की तीनों विधानसभाओं से भाजपा की विधायकों को मंत्री मण्डल में लेना उचित नहीं समझा गया। या कि तरजीह नहीं दी गई। जबकि जिले से तीनों सीटों में आम जनता ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए भाजपा की झोली में ही तीनों सीटें जनमत के रूप में डाली है। उम्मीदें कायम थी जिले के विकास को लेकर मोहन सरकार की मंत्री मण्डल में किसी न किसी विधायक को लिया जायेगा। पर यहां जिले के लोगों को मायूसी ही हांथ लगी। क्योंकि जिले से तीनों विधायकों में से किसी को मंत्री मण्डल में तरजीह लेने को लेकर नहीं दी गई। आखिर अब जिले के विकास को लेकर विधायकों को ही स्वयं के प्रयासों से आगे की दिशा तय करनी होगी। जिले के विकास को लेकर जिम्मेदारी का निर्वाहन स्वयं की सक्षमता व सक्रियता से ही अब माना जा रहा है। मोहन सरकार आखिर पन्ना जिले को लेकर सायद तीनों विधायकों को लेकर औपचारिकता के रूप में भले ही कहा जाये पर विधायकों को जहां राज्य मंत्री तक के लिए उचित नहीं समझा गया जो समझ से परे है। वहीं छतरपुर जिले के चंदला विधानसभा से जरूर दिलीप अहिरवार को राज्यमंत्री वहीं सतना जिले से प्रतिमा बागरी को भी राज्यमंत्री बनाया गया है। पर पन्ना जिले की तीनों सीटें में जहां भाजपा का परचम फहराया गया है। वहीं तीनों विधायकों को मंत्री मण्डल में लेना उचित नहीं समझा गया जिससे पन्ना जिले के विकास को लेकर अब मोहन सरकार में विधायकों के ही स्वयं से ही आगे आम जनता में साबित करना होगा। अपनी जमीन बरकरार बनाये रखने को।

## राम लला की प्राण प्रतिष्ठा

# 28 अक्षत कलश रखकर निकली गई नगर में विशाल वाहन रैली






### अयोध्या में बना रहे भव्य रामलला के मंदिर के लिए हर्ष और उल्लास से देश भर में राम राम की धूम

पन्ना।

पन्ना नगर में अयोध्या में भव्य रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नगर मे ,,28 अक्षत कलश रथ में झांकी के साथ पन्ना नगर के वार्डों में स्थापित होने से पहले निकले गए विशाल वाहन रैली के माध्यम से रामजानकी मंदिर में नगर के सभी हिंदू परिवार के लोग एकत्रित हुए जिसके बाद संघ के विभाग कार्यवह रमेश पटले जी के बौद्धिक के बाद मंदिर प्रंगण से 28 कलशो को सजा कर हिंदू धर्म प्रेमियों ने वाहन रैली एवं शोभा यात्रा निकली। नगर के प्रमुख चौराहो से होती हुई वाहन यात्रा राम मंदिर से प्रारंभ कर अजयगढ़ चौराहे बड़ा बाजार चौराहा,, गोविंद जी मंदिर कटरा बाजार, कोतवाली, बस स्टैंड, से होते हुए गांधी चौक से भगवान श्री राम जानकी मंदिर में इस वाहन रैली का समापन किया गया ओर सभी 28 वार्डों के प्रभारियों को उनके उनके यह मंदिर में कलश पहुँचने के लिए दिए गए इस पूरी वाहन रैली में नगर के लोगों द्वारा जगह-जगह फूलों बरसा कर स्वागत किया ,,जय श्री राम के नारों से शहर राम माए हो गया,, सैकड़ो की संख्या में बाइक रैली में महिला शक्ति ने रैली की अगुवाई कर भव्य वाहन रैली को सफल बनाया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संघ के नगर कार्यवह शैलेंद्र चंदेल एवम कार्क्रम नगर सयोंजक ओर समस्त हिन्दू परिवार नगर पन्ना।

# श्री प्राणनाथ मंदिर के ब्रह्म चबूतरे में 1200 ब्रह्म मुनि कर रहे हैं परायण पाठ का वाचन

पन्ना।

मंदिरों के पवित्र नगर पन्ना के श्री प्राणनाथ जी मंदिर के ब्रह्म चबूतरे पर रविवार को 12 सो परायण पाठ का विधिवत पूजन पाठ के साथ ब्रह्म मुनियों द्वारा वाचन प्रारंभ किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में शिरकत करने देश-विदेश के हजारों श्रद्धालुओं के साथ-साथ संत मुनि विद्वान पन्ना जी पधारे। पन्ना के श्री प्राणनाथ मंदिर मैं आयोजित इस धार्मिक आयोजन के दर्शन करने के लिए नगर के लोग भी काफी संख्या में आ रहे हैं।

मंदिर परिसर में ऐसा लग रहा है कि साक्षात ब्रह्म वाणी का अमृत पान करने समस्त सृष्टि के देवी देवता भी यहां पर आ गए हैं। विशाल मंदिर प्रांगण में चहू और सिर्फ ब्रह्म मुनि ही पाठ पारायण का वाचन करते नजर आ रहे हैं मंदिर को इतनी सुंदरता से सजाया गया है की मन को मोह ले।





बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं का कहना है कि ऐसा विशाल धार्मिक आयोजन कई दशकों के बाद ही होता है जीवन में ऐसे मौके के कम ही मिलते हैं।

### प्रतिदिन 3 हजार 5 सो चौपाइयों का किया जाएगा वाचन

24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक आयोजित धार्मिक साप्ताहिक पाठ पारायण के आयोजन में प्रतिदिन 3 हजार 5 सो चौपाइयों का वाचन ब्रह्म मुनियों द्वारा किया जाएगा। जो सुबह 9 बजे से शुरू होगा और देर शाम तक चलता रहेगा।

### श्री प्राणनाथ ट्रस्ट ने की पूरी तैयारी

कार्यक्रम के आयोजन की पूरी तैयारी श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई। इस महोत्सव में देश-विदेश से आए हुए श्रद्धालुओं के रुकने, चाय नाश्ता व भोजन की निशुल्क व्यवस्था की गई है।

## अटल जी ने देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी

### सुशासन के प्रतीक थे अटल जी : रामबिहारी





पन्ना।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज 99वीं जयंती है। उनकी जयंती को देश सुशासन दिवस के तौर पर मनाता है। सोमवार को पन्ना जिले के समस्त बूथों में अटल जी की जयंती मनाई गई तथा समस्त जिला पदाधिकारी ने अपने बूथ में अटल जी को श्रद्धांजलिअर्पित की। इसी क्रम मैं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राम बिहारी चौरसिया ने अपने बूथ में जाकर माननीय अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुएश्री चोराशिया ने कि ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उनका स्मरण कर उन्हें नमन करता हूं। अटल जी ने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की और भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया ने कहा कि जहां एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया, तो वहीं दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्री मदन मोहन पांडे ने इस अवसर पर कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कुशल प्रशासक, राजनीतिज्ञ एवं लोकप्रिय जन नेता के साथ महान वक्ता थे, जिन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग सम्मान देते थे। स्व. वाजपेयी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था। चौधरी ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, हमारे पथ प्रदर्शक हैं, उनकों कोटि-कोटि नमन। राष्ट्रोत्थान व जनसेवा को समर्पित उनका संपूर्ण जीवन सदैव हमारी प्रेरणा बना रहेगा। इस मौक पर श्री हरेंद्र त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष, राम सिरोमन पांडे मंडल उपाध्यक्ष, श्री शिव नारायण मिश्रा मंडल महामंत्री ,श्री अजय सोनकर श्री गणेश कुशवाहा, श्री अशोक यादव श्री हरिशंकर गर्ग और भी बहुत संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल थे।

खबर संक्षेप

## धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का पर्व



**छतरपुर।** सोमवार को क्रिसमस का त्यौहार छतरपुर शहर में धूमधाम से मनाया गया। महोबा रोड स्थित चर्च में सुबह 8 बजे प्रार्थना सभा हुई और इसके बाद शहर में जुलूस निकाला गया। जुलूस के उपरांत चर्च में सहभोज का आयोजन हुआ। चर्च के पास्टर दीपक नलवंशी ने बताया कि शहर के ईसाई धर्मावलंबियों ने चर्च और अपने घरों को रंगबिरंगी झालरों से सजाया था। केक काटकर प्रभु यीशु को याद किया गया और फिर एक दूसरे को केक खिलाकर क्रिसमस की बधाइयां दी गईं। कार्यक्रम में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग रंगबिरंगे कपड़ों में शामिल हुए। क्रिसमस को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### अलीपुरा सहकारी समिति की करारा गंज दुकान का मामला

# 6 महीने से सेल्समैन ने राशन के नाम पर थमाई पर्ची के लग रहे आरोप

**नौगांव।** महाराजपुर विधानसभा से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीका राजा के ग्रह ग्राम अलीपुरा सहकारी समिति के अंतर्गत आने वाले करारागंज गांव की सरकारी राशन दुकान प्रबंधक द्वारा खाद्य सुरक्षा के तहत होने वाले राशन का 6 महीने से वितरण न होने का मामला सामने आया है। गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने राशन वितरण न होने पर दुकान के बाहर विरोध प्रदर्शन कर राशन वितरण करने की मांग की है।



खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत चिन्हांकित परिवारों को पात्रतानुसार रियायती दर पर खाद्यान्न (अनाज) वितरण की व्यवस्था का पारदर्शी, नियमानुसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन होने का प्रशासन दावा करता है। लेकिन छतरपुर जिले में जमीनी सच्चाई इसके ठीक उलट है। जिले में पात्र गरीब परिवारों को सरकारी राशन प्राप्त करने के लिए प्रत्येक माह जद्दोजहद करनी पड़ रही है। उदाहरण के तौर पर महाराजपुर विधानसभा से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक कामाख्या प्रताप सिंह के ग्रह ग्राम अलीपुरा की वृहत्ताकार सहकारी समिति अंतर्गत आने वाले करारागंज गांव के वाशिंदों को शासकीय दुकान से राशन प्राप्त करने के लिए अपनी मजदूरी से हाथ धोना पड़ रहा है। भोजन के लिए सरकारी अनाज पर निर्भर रहने वाले गरीब परिवारों के लिए यह स्थिति कितनी पीड़ादायक साबित हो रही है, इसका अंदाजा एक हितग्राही द्वारा व्यक्त की गई उसकी व्यथा से लगाया जा सकता है, "गरीब को जिन्दा रहने के लिए राशन और मजदूरी दोनों ही जरुरी है। सिर्फ सूखा अनाज तो खाया नहीं जा सकता, उसे पकाने (भोजन बनाने) के लिए ईंधन, तेल, मसाले आदि सामग्री लगती है, इन सब की पूर्ती के लिए रुपए चाहिए और रुपए तो सिर्फ मजदूरी करने पर ही मिलेंगे।"दरअसल, करारगगंज ग्राम के गरीबों के सामने राशन या मजदूरी दोनों में से किसी एक को चुनने की विचित्र दुविधा भरी परिस्थिति स्थानीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता की मनमानी पूर्ण निरंकुश कार्यप्रणाली के चलते निर्मित हुई है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 का सही तरीके से पालन न होना है। स्थानीय गरीब परिवारों को साल भर पहले तक तो उचित मूल्य दुकान से राशन मिलता था लेकिन जब से सेल्समैन चंद्र प्रकाश पाठक आए है तब से सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था चौपट है। करारागंज स्थित सरकारी उचित मूल्य दुकान के संचालन में व्याप्त अंधेरगर्दी-मनमानी से हितग्राही खासे परेशान और नाराज है।बीते दिनों भास्कर संवाददाता ने मौके पर पहुंचकर हकीकत जानने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान के खुलने और राशन वितरण का दिन-समय निर्धारित न होने से हितग्राही राशन प्राप्त करने के लिए दुकान के चक्कर काटने को मजबूर हैं। राशन दुकान के बाहर सेल्समैन एवं शिकायत निवारण व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों का मोबाइल नम्बर दर्ज नहीं है। वहीं हितग्राहियों के मांगने पर भी विक्रेता अपना मोबाइल नम्बर उन्हें उपलब्ध नहीं कराते। ग्रामीणों ने राशन न मिलने कर सेल्समैन चंद्र प्रकाश पाठक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए बताया कि पिछले 6 महीने से हमें राशन नहीं मिला है। उचित मूल्य दुकान के स्तर पर गठित सतर्कता समिति में सम्मलित पदाधिकारियों की सूची को भी प्रदर्शित नहीं किया गया। स्थानीय लोगों को सतर्कता समिति के संबंध में कोई जानकारी तक नहीं है। आपको पढ़ने और सुनने में यह समस्या मामूली सी लग सकती है लेकिन इसका व्यापक दुष्प्रभाव करारागंज के गरीबों को झेलना पड़ रहा है। यहां के कई हितग्राही परिवार निवास करते हैं। उचित मूल्य दुकान खुलने का दिन-समय आदि निर्धारित न होने कारण स्थानीय लोग राशन प्राप्त करने के चक्कर में प्रत्येक माह कई दिनों तक मजदूरी करने (काम पर) नहीं जा पाते। इस समस्या के कारण श्रमिकों को लंबी अवधि का नियमित रूप से काम नहीं मिलता। नतीजतन प्रभावितों को अपना गुजारा महीने में बमुश्किल चंद दिन मिली मजदूरी की मामूली सी राशि अर्थात तंगहाली में करना पड़ता है। बेतहाशा महंगाई के इस दौर में महज चंद दिनों की मजदूरी से गरीबों के लिए अपना व परिवार का भरण-पोषण करना कितना कठिन और चुनौतीपूर्ण होता है, उसे शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल पर समझना आसान है।

### सोमवार को राशन वितरण के दौरान महिलाओं ने किया हंगामा -

तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी ने बताया कि सोमवार को एक महीने का राशन वितरण किया जा रहा था, इस दौरान कुछ महिलाएं हंगामा करते हुए राशन दुकान में घुस गई। जिसके चलते राशन वितरण बंद करना पड़ा।

### इनका कहना है -

मामला संज्ञान में आया है, खाद्य विभाग ने अपनी जांच पूरी कर ली है, एसडीएम मैडम के छुट्टी से लौटते ही जांच सबमिट कर दी जाएगी।

**संदीप कुमार तिवारी**
**तहसीलदार, नौगांव**

## मऊ दरवाजा की मस्जिद से हटवाया गया लाउड स्पीकर

**छतरपुर।** प्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर हटवाने के निर्देशानुसार जिले में लगातार कार्यवाही जारी है। सोमवार को कोतवाली थाना क्षेत्र में मऊ दरवाजा के समीप स्थित मस्जिद से सीएसपी अमन मिश्रा और कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने अपनी मौजूदगी में लाउड स्पीकर हटवाए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर संदीप जी आर और पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में संपूर्ण जिले के धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकर प्रशासन और पुलिस की टीमों द्वारा हटवाए जा रहे हैं।



# दिलीप अहिरवार के मंत्री बनते ही जिले में खुशी की लहर

### लंबे अंतराल के बाद चंदला को मिला मंत्री, जिला कार्यालय में उत्सव का माहौल



**छतरपुर।** प्रदेश की नई सरकार का कुछ इंतजार के बाद गठन हो गया। नई सरकार में जिले को प्रतिनिधित्व मिलने से जिले भर में खुशी की लहर दौड़ गई। खासतौर से चंदला विधानसभा में खुशी का ठिकाना नहीं रहा क्योंकि यहां लंबे अंतराल बाद मंत्री पद मिला है। जिला कार्यालय में उत्सव का माहौल रहा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी। जिला अध्यक्ष मलखान सिंह ने कहा कि अंत्योदय को आगे लाना ही भाजपा का मूल ध्येय है। उन्होंने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने यही सूत्र दिया था कि समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति का उत्थान करना है। सोमवार को मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। 28 मंत्रियों में से एक मंत्री चंदला विधायक दिलीप अहिरवार को बनाया गया है। श्री अहिरवार ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा जिला कार्यालय में दिलीप अहिरवार के मंत्री बनने पर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि दिलीप अहिरवार को मंत्री बनाकर कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया है। पार्टी ने साफ संदेश दिया है कि कार्यकर्ता छोटा बड़ा नहीं होता, पार्टी के लिए काम करने वाले को हमेशा महत्व दिया जाता है। युवा नेता और छोटे कार्यकर्ता को जो सम्मान मिला उससे कार्यकर्ताओं में और भी जोश बढ़ेगा। एक कार्यकर्ता ने कहा कि दिलीप अहिरवार ने संगठन के लिए लगातार काम किया है और उसी का यह फल मिला है।

### मां ने कहा युवाओं को रोजगार दिलाएगा बेटा -



राज्य मंत्री बनाए गए दिलीप अहिरवार की मां गेंदारानी ने कहा कि बेटे को मंत्री बनाए जाने से पूरा परिवार और खानदान खुश है। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारा परिवार वर्षों से राजनीति से जुड़ा है। बेटे को मंत्री बनने का आशीर्वाद उन्होंने पहले ही दिया था। उन्होंने कहा कि बेटा मंत्री बना है तो वह गरीबों की मदद करेगा और युवाओं को रोजगार दिलाने का प्रयास करेगा।

# लूट की दो घटनाओं सहित एक माह में चोरी की एक दर्जन वारदातें




**छतरपुर।** इन दिनों छतरपुर जिले की कानून व्यवस्था बेपटरी नजर आ रही है। लगातार हो रही हत्या, चोरी और लूट की घटनाओं से पूरा जिला थर्राया हुआ है। पिछले एक माह के भीतर जिले में हत्या के आधा दर्जन से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से तीन मामलों को छोड़कर अन्य मामलों में पुलिस घटना की तह तक नहीं पहुंची है। इसी तरह एक महीने में लूट की दो घटनाओं सहित चोरी की एक दर्जन वारदातें सामने आ चुकी हैं। चोरी और लूट की किसी भी वारदात का पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। इसी क्रम में सोमवार को एक बार फिर जिले के बिजावर थाना क्षेत्र से हत्या तथा बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा से चोरी की घटना सामने आई है।

### अज्ञात चोरों ने एक रात में चटकाए आधा दर्जन घरों के ताले

बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने एक ही रात में आधा दर्जन घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चोरों ने ग्राम गढ़ा निवासी शंकर सिंह, दुर्ग सिंह, रज्जू कुशवाहा, मिहीं लाल कुशवाहा, किशोरी शिवहरे और छत्ती पाल के घर को निशाना बनाया है। बताया गया है कि उक्त सभी परिवार मजदूरी के लिए बाहर गए हुए थे और उनके घरों पर ताला डला था। इन घरों से कितनी संपत्ति चोरी हुई है इसकी जानकारी गृह स्वामियों के आने के बाद सामने आएगी। फिलहाल बमीठा पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले की जांच शुरू की है।

### इन चार मामलों में किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची पुलिस

- 28 और 29 नवंबर की दरम्यानी रात जिले के अलीपुरा थाना क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने एक महिला के साथ मारपीट कर उसकी हत्या की थी और शव को कुंए में फेककर भाग गए थे। इस घटना के संबंध में पुलिस अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है।
- 11 दिसंबर को नौगांव थाना क्षेत्र में छतरपुर के रहने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में कुंए में फांसी के फंदे पर लटकती हुई लाश मिली थी। परिजनों ने इसे हत्या बताया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी लेकिन पुलिस अभी तक मामले का खुलासा नहीं कर सकी है।
- 11 दिसंबर को ही जिले के भगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुटवारी के तालाब में युवक की लाश मिली थी। परिजनों ने पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोगों द्वारा हत्या किए जाने की शिकायत भगवां थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की लेकिन पुलिस अभी तक इस मामले की तह तक नहीं पहुंची है।
- 15 दिसंबर को गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम उर्दमऊ में पूर्व सरपंच की लाश कुंए में पड़ी मिली थी। मृतक के परिजनों ने हत्या की शंका जाहिर की थी। पुलिस अभी इस मामले की विवेचना में जुटी हुई है, और इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है कि मामला हत्या का था या दुर्घटना का।

### हत्या की इन तीन घटनाओं के आरोपी पकड़े

- 18 दिसंबर को छतरपुर शहर में एक पूर्व सरपंच की गोली लगने से मौत हुई थी। घटना की जांच करने के बाद इसे हत्या का मामला बताया था। इस घटना के कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि कुछ आरोपियों की तलाश अब भी जारी है।
- 23 दिसंबर को महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ढिगपुरा में हुए विवाद के दौरान एक युवक के साथ जमकर मारपीट की गई, जिसके बाद युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### इस मामले के सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

- 25 दिसंबर को बिजावर थाना क्षेत्र के युवक की मारपीट के बाद मौत हुई। इस मामले में भी बिजावर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पिछले एक माह में चोरी की एक दर्जन घटनाएं

- 27 नवंबर को छतरपुर शहर के नौगांव रोड पर सड़क किनारे खड़ी बाईक की चोरी।
- 30 नवंबर को छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर रोड की गणेश कॉलोनी में सेवानिवृत्त सैनिक के घर लाखों की चोरी।
- 30 नवंबर को हरपालपुर में सूने घर से लाखों की चोरी।
- 10 दिसंबर को राजनगर में दो आभूषण दुकानों से लाखों की चोरी।
- 11 दिसंबर को छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना रोड पर स्थित पैराडाइस कॉलोनी में रिटायर्ड प्रोफेसर के सूने घर से लाखों की चोरी।
- 12 दिसम्बर को छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटे के महावीर मंदिर के सामने वाले शॉपिंग कॉम्पलैक्स की 54 नंबर दुकान से चोरी।
- 13 दिसंबर बमीठा में आभूषण दुकान से लाखों की चोरी।
- 14 दिसम्बर को लवकुशनगर के वार्ड नंबर 5 में लाखों की चोरी एवं फायरिंग।
- 15 दिसम्बर को हरपालपुर के राठ रोड पर गल्ला व्यापारी के गोदाम का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी।
- 17 दिसंबर को बमीठा थाना क्षेत्र में राजनगर निवासी युवक को नशीला पदार्थ सुंघाकर ट्रैक्टर की लूट।
- 19 दिसंबर को छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की शांति नगर कॉलोनी में सर्राफा व्यापारी के साथ मारपीट एवं लाखों की लूट।
- 24-25 दिसंबर की दरम्यानी रात बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में आधा दर्जन घरों के ताले तोड़कर चोरी।

### पुरानी रंजिश के चलते बिजावर में युवक की हत्या



बिजावर के वार्ड नंबर 5 अलीगंज मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद हफीज खान ने बताया कि शनिवार की रात करीब 9 बजे बिजावर निवासी कल्लू खान और चुन्नू खान उसके घर पर आए तथा उसके भाई अनीश पुत्र अजीज खान उम्र 39 वर्ष को अपने साथ ले गए। काफी समय तक अनीश वापिस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच कल्लू खान और चुन्नू खान ने ही फोन लगाकर परिवार को सूचना दी कि पठार तालाब के पास अनीश पड़ा हुआ, आकर उठा लो। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अनीश को बिजावर के अस्पताल ले गए। बिजावर में प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने अनीश की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया और इसके बाद जिला अस्पताल से अनीश को ग्वालियर रेफर किया गया। जब परिजन अनीश को ग्वालियर जा रहे थे तभी रास्ते में अनीश ने दम तोड़ दिया। परिजन अनीश का शव वापिस छतरपुर लाए, जहां जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मारपीट की वजह कल्लू और चुन्नू से करीब एक माह पहले अनीश का पुराना विवाद बताया गया है। परिजनों ने बताया कि कल्लू के ऊपर हत्या के कई मामले दर्ज हैं जबकि चुन्नू चोरी के मामलों में लिप्त रहता है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया कि घटना के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डॉ. रामकुमार चौरसिया की उपलब्धियों ने किया गौरवान्वित

**महाराजपुर।** नगर के एक सामान्य चौरसिया परिवार में जन्मे डॉ. रामकुमार चौरसिया ने डॉक्टर और प्रोफेसर के बाद लेफ्टीनेंट के पद पर पहुंचकर पूरे नगर को गौरवान्वित किया है। डॉ. रामकुमार ने अपना मार्गदर्शक अपने दादा धर्मपाल चौरसिया को तथा अपनी प्रेरणा अपने माता-पिता उर्मिला-आनंद कुमार चौरसिया उर्फ नंदू हडा को बताया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. रामकुमार चौरसिया के दो भाई भी हैं जिनका नाम कृष्णकांत और संदीप चौरसिया है। डॉ. रामकुमार की प्राथमिक शिक्षा-दीक्षा महाराजपुर में ही हुई। 8 वर्ष की आयु में पढ़ाई के लिए होशंगाबाद के एक गुरूकुल चले गए थे। गुरूकुल के बाद उन्होंने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक हरियाणा से वैदिक, उपनिषद और छः दर्शन का ज्ञान प्राप्त किया। चूंकि परिवार उन दिनों परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था इसलिए डॉ. रामकुमार काम की तलाश में निकल पड़े। इंडियन इंस्टीटयुट ऑफ होटल मैनेजमेंट भोपाल से कुक का डिप्लोमा करने के बाद उन्होंने एक नमचीन होटल में नौकरी शुरू की, साथ ही आगे की पढ़ाई जारी रखी। इसके बाद उन्होंने बीए बीएड, संस्कृत से एमए, नाट्यशास्त्र से एमफिल, डबल एमए (संस्कृत एंड लिंग्विस्टिक), संस्कृत, फ्रेन्च, हिंदी, अंग्रेजी भाषाओं का ज्ञान हासिल किया और इसके बाद जेएनयू से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर वे डॉक्टर बने। इसके बाद वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद से जुड़े रहे। 2018 में उन्होंने मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग की परीक्षा पास की प्रोफेसर बनकर छतरपुर के महाराजा छत्रसाल कॉलेज में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर पदस्थ हुए। इतना सब हासिल करने के बाद भी वे संघर्षरत रहे और ऑफीसर ट्रेनिंग एकेडमी नागपुर से ती माह की कठिन ट्रेनिंग लेकर लेफ्टिनेंट प्रोफेसर की उपाधि प्राप्त की। वर्तमान में वे नौगांव के शासकीय बापू डिग्री कॉलेज में एनसीसी ऑफिसर तथा संस्कृत के प्रोफेसर पद पर शासकीय सेवाओ के छात्रों को आर्मी की ट्रेनिंग के उनको मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।



### बागेश्वर धाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन

# भगवान की शरण में पहुंचने से जीव माया मुक्त हो जाता है : डॉ पाराशर

**छतरपुर।** सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में रविवार से सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का संगीतमय वाचन किया जा रहा है। इस कथा महोत्सव के दूसरे दिन कथा व्यास अंतरराष्ट्रीय कथावाचक डॉ श्याम सुंदर पाराशर ने जीव को माया से सचेत रहने की कथा सुनाई। कथा व्यास ने कहा कि धन को धर्म में लगाने से जीव का कल्याण होता है। मनुष्य धर्म किए बिना धर्म का फल चाहता है लेकिन उसे पहले धर्म मार्ग पर चलना होगा तभी उसका कल्याण होगा।



बागेश्वर धाम में बालाजी सरकार श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य श्रोता है। कथाव्यास डॉ पाराशर बालाजी सरकार को श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करा रहे हैं। कथा के दूसरे दिन उन्होंने शरणागति के छह सूत्र बताए। उन्होंने विशाल प्रांगण में उपस्थित कथा रसिकों से कहा कि जो भगवान के अनुकूल रहते हैं और ईश्वर पर दृढ़ विश्वास करते हैं, ईश्वर हमेशा उनकी मदद करते हैं। अपने आप को पूरी तरह से भगवान के चरणों में समर्पित करने वाले व्यक्ति का कल्याण कोई नहीं रोक पाता। कथा व्यास जी ने कथा का विस्तार करते हुए कहा कि जो जीवन का अंधकार मिटाकर शिष्य को ज्ञान के प्रकाश का दर्शन कराए वही गुरु है। जगत को ज्ञान का प्रकाश देने वाले कोई और नहीं सुखदेव जी है।

### भक्ति, ज्ञान, वैराग्य का संगम है श्रीमद् भागवत कथा

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ श्याम सुंदर पाराशर जी ने बागेश्वर धाम में शुरू हुये श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के पहले दिन श्रीमद् भागवत के महत्व का बखान किया। उन्होंने कहा कि भक्ति, ज्ञान, वैराग्य का संगम ही श्रीमद भागवत महापुराण है। कथा व्यास ने कहा कि चूंकि यह भगवान की वाणी से प्रकट हुआ है इसलिए इसका नाम भागवत है। जीवन भर पाप करने वाले का भी उद्धार करने वाली श्रीमद् भागवत है।

# ऊर्जाधानी सिंगरौली के निगाही दनवाबाबा माइनस कॉलोनी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**वैढ़न।** भागवत कथा रसिक प्रेमियों भक्त जनों के द्वारा सामूहिक रूप से दनवा बाबा माइन्स कॉलोनी सेक्टर 8,9 श्री दुर्गा मंदिर के पास वृंदावन सुरभि गौ सेवा संस्थान के प्रसिद्ध कथा वाचक श्री हरि मोहन द्विवेदी के मुखारविंद से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम किया जाना है। ज्ञानमयी गंगा में प्रवाहित श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण रसपान करने निगाही , नवानगर घरौली,एवं इटमा समेत आसपास के आप समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि आप सब महानुभाव अपराह्न 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक ज्ञान गंगा में डुबकी लगाते हुए श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर अपने जीवन को धन्य करें। उक्त कार्यक्रम में वृंदावन के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा लोक लुभावन झांकियां द्वारा कला का प्रदर्शन भी किया जाएगा । कथा स्थल पर पधार कर कथा का रसपान करने के साथ ही यूट्यूब चैनल पर सुरभि गौ, सेवा मिशन एवं आचार्य हरिमोहन द्विवेदी फेसबुक लाइक और सब्सक्राइब कर सीधा प्रसारण का रसपान भी कर सकते हैं। वृन्दावन से पधारे हुए आचार्य हरिमोहन द्विवेदी जी महराज द्वारा 25 दिसंबर से 31दिसंबर तक संगीत मयी श्री मद् भागवत कथा का आयोजन आप के नगर निगाही दनवा बाबा मंदिर माइनस कालोनी सेक्टर नंवर 8.9 पुराना माइनस नया दुर्गा मंदिर आप सभी भक्त सादर आमंत्रित है । यह कार्क्रम आप सब के सहयोग से जन कल्याण के लिए सुनिश्चित किया गया है आप सब कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ करें।




## खबर संक्षेप

### ठेकेदार द्वारा मनमानी और घटिया निर्माण कार्य जारी



**मऊगंज ।** जिला बनने के बाद भी यहाँ पर चल रहे भ्रस्टाचार के खेल पर नही लग रही लगाम. वह भी तब जब जगह जगह विकसित भारत संकल्प यात्रा निकल रही हो ऐसे समय मे सरकार के तमाम दावों को ठेकेदारो ने मजाक बनाकर उसकी पोल खोल दिया है जहां पर मऊगंज को बदसूरत और बदहाली के दलदल में खुलेआम धकेल रहे हैं। कांग्रेस नेता पार्षद मऊगंज विश्वनाथ मिश्रा ने प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि यहां की बडी विकास योजनाएं महज खाना पूर्ति तक सीमित हैं नगर में बेतरतीब ढंग से किया जा रहा डिवाइडर सड़क के बाद टेढ़ा मेढ़ा और घटिया किस्म संकरी नाली निर्माण जिसके अंदर की छड़े अभी से बाहर दिखने लगी है। यहां पर भ्रस्टाचार लोगो के लिए मुसीबत बन गया है। रीवा के बड़े नेताओं तक पहुंच रखने बाले सोहगौरा कंस्ट्रक्शन कंपनी की मनमानी भ्रस्टाचार के समक्ष जिम्मेदार नतमस्तक है जिससे नाली निर्माण भी भेंट चढ़ रहा जहां पर एक बार फिर करोड़ो की लागत से चल रहा नाली निर्माण कार्य अधिकारियों की भ्रस्ट व्यवस्था का हो रहा शिकार है तो वहीं बड़े अधिकारियों की चुप्पी भ्रस्टाचार में उनकी संलिप्तता को कर रहा उजागर।नगर वासियों का कलेक्टर अजय श्रीवास्तव से हस्तक्षेप करने की मांग की गई है।

### कैप्टन डॉ. जागृति सिंह आज आयेंगी रीवा



**रीवा।** आर्मी के आरवीसी में नव नियुक्त कैप्टन डॉ. जागृति सिंह मंगलवार की सुबह रीवा आयेंगी। आर्मी विभाग के सर्विस सलेक्शन बोर्ड भोपाल में रिमाउंट विटनरी कोर (आरवीसी) की प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण कर कैप्टन बनने के बाद पहली बार अपने माता-पिता एंव परिवार के बड़े-बुजुर्गो का आर्शिवाद लेने अल्प प्रवास में रीवा आ रही है। इस बीच जानकारी मिली है कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा नव नियुक्त कैप्टन डॉ. जागृति सिंह को सम्मानित करेंगे। बताते चले कि नईगढ़ी तहसील अंर्तगत ग्राम फूल करण सिंह निवासी कैप्टन जगत बहादुर सिंह की पुत्री जागृति ने अक्टूबर माह 2023 में आरवीसी विभाग के लिए आर्मी सर्विस सलेक्शन बोर्ड भोपाल में परीक्षा दी थी, जिसका परिणाम 22 दिसबंर 2023 को आया। जिसमें देश की केवल चार लड़कियों का सलेक्शन हुआ है तीन मध्यप्रदेश और एक आसाम। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में रिमाउंट विटनरी कोर में महिलाओं की भर्ती के लिए आदेश जारी किये थे। जिसमें डॉ. जागृति सिंह देश की पहली महिला में अपना नाम दर्ज करवाया है।

### अब तक 110147.05 टन धान की खरीद

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले भर में गोदाम स्तर पर बनाए गए निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से धान का उपार्जन किया जा रहा है। धान का उपार्जन सहकारी समितियों द्वारा किया जा रहा है। जिले में अब तक 18263 किसानों से 110147.05 टन धान का उपार्जन किया गया है। इसके लिए किसानों को 24045.1 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। किसानों को शीघ्र ही उनके बैंक खाते में राशि का भुगतान किया जाएगा। अब तक 39909 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जित धान खरीदी केन्द्रों से मिलिंग के लिए मिलर्स को दी जा रही है। इसके लिए सभी खरीदी केन्द्रों से निकटवर्ती धान मिलों की मैपिंग की गई है। शेष बची हुई धान का गोदामों में सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। पंजीकृत किसानों से 19 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जाएगी।

### किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लें

**रीवा।** मछली पालन विभाग में विभिन्न प्रकार की अनुदान आधारित रोजगारमुखी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसका उद्देश्य मछली पालन से जनमानस को लाभ प्रदान करना है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम पंचायतों में







### यात्रा के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवित

विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची। यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है।

**रीवा ।**

वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन व चयन भी किया जा रहा है।


विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन में आडियो, वीडियो, ब्रोसर आदि सामग्री उपलब्ध है। यात्रा के दौरान विभागीय स्टालों में योजनाओं की जानकारी देने व हितलाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था करायी गयी है। जनपद पंचायत त्योंथर के गढ़ी, ढोकिया एवं कैथीपचकथा, जनपद पंचायत मऊगंज के सरई सेंगर में, जनपद पंचायत सिरमौर के सधना, सुरवार एवं राजगढ़ में, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के नवागांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। सरई सेंगर में आयोजित विकास यात्रा में विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है।

इसी तरह शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत , पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है।

# माडलिंग शो मुम्बई से आई स्टार ने रीवा की थर्ड जेंडर लवली जान को किया सम्मानित

### माडलिंग में थर्ड जेंडर भी लड़के, लड़कियों से कम नहीं है।





**रीवा।** ये बात रीवा की थर्ड जेंडर लवली जान ने बता दिया। रीवा में पहली बार माडलिंग शो के आयोजन में थर्ड जेंडर को शामिल किया। शो का आयोजन रविवार के दिन विराज पैलेस में ग्लीटर टीम द्वारा करवाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुम्बई की स्टार खुशी शेख शिकरत की। माडलिंग शो में रीवा की लड़कियों के साथ थर्ड जेंडर लवली जान भी मंच के माध्यम से कला का प्रर्दशन किया। बेहतर प्रर्दशन किये जाने पर मुम्बई से आई थर्ड जेंडर स्टार खुशी शेख ने ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर रीवा की लवली जान को सम्मानित किया। लवली जान सहित खुशी शेख की सज्जा मैकप आर्टिस्ट संध्या शुक्ला ने की। इस मौके पर राज वर्मा, अभय कश्यप, मुस्कान खान सहित कला को प्रोत्साहन देने वाले कई लोग उपस्थित रहे।

# लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**रीवा ।**



मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा रीवा के कार्यकारिणी की अहम बैठक के.सी.त्रिपाठी जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में संघ कार्यालय रीवा में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रांतीय अधिवेशन जिला सीहोर में 7 जनवरी को शामिल होने पर चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों /कर्मचारियों ने वेतन विसंगति, पदनाम परिवर्तन, गृह भाड़ा भत्ता में वृद्धि, पुरानी पेंशन बहाली, उच्च पद का प्रभार, कार्यभारित कर्मचारियों के समर्पित अवकाश नकदीकरण, दैनिक वेतन, स्थाई कर्मियों के नियमितीकरण, महंगाई भत्ता, आशा कार्यकर्ताओं को मानदेय भुगतान आदि मुद्दों पर सरकार से चर्चा करने हेतु शीघ्र ही नववर्ष पर उप मुख्यमंत्री माननीय राजेन्द्र शुक्ला जी से मिलकर मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए बिंदुवार चर्चा के लिए सहमति बनी।उक्त बैठक में त्रिपाठी के अलावा संरक्षक मोतीलाल शर्मा, उपाध्यक्ष छोटेलाल गुप्ता,वरिष्ठ सचिव धर्मपाल पटेल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन यादव,सह कोषाध्यक्ष रामजी विश्वकर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष चंदनलाल तिवारी,संयोजक नेपाल सिंह, दीपक साकेत,सूर्यवली बुनकर, राजेंद्र पाण्डेय, संदीप तोमर सहित अनेकों पदाधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मऊगंज यातायात थाना प्रभारी का कोषाध्यक्ष बना सरला त्रिपाठी फीलिंग स्टेशन

### स्कैनर से होती है पैसों की डिलेवरी

**रीवा।**

नव गठित जिला मऊगंज में लुटेरे अधिकारियों ने अपना डेरा डाल दिया। जो जहां जिस कुर्सी में बैठा है वहीं जोंक की तरह लग कर जनता का खून चूस रहा है। वैसे तो सरकारी मशीनरी ही भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ी है, लेकिन खाकी सबकी नजरों पर टिकी रहती है। खाकी ने कहीं से सौ रूपये भी ले लिये तो नोट की कड़कड़ाहट शोर मचा देती है। इन दिनों मऊगंज जिले का नव स्थापित यातायात थाना सुर्खियों पर है। बताया जाता है कि यातायात थाना प्रभारी सूबेदार अमित विश्वकर्मा अपने पूरे शबाव पर है। दलालों को पाल कर अवैध वसूली करवना, स्वंय वाहन चेकिंग के नाम पर मोटे आसामियों को पकड़कर उनका आर्थिक दोहन करना उनकी फितरत में बताया जा रहा है। अमूमन थाना प्रभारी अवैध रूप से आने वाले पैसों को हाथ नहीं लगाते शायद हाथ लगाने से लोकायुक्त के देव जाग जाने का खतरा महसूस करते है। इस नेक काम के लिए थाना प्रभारी अपने विभाग की छोटी मछली हमराह स्टाफ का इस्तेमाल करते है। लेकिन मऊगंज जिले के यातायात थाना से अचंभित कर देना वाली बात निकल कर सामने आई है। सूत्रों की मानें तो यातायाता थाना प्रभारी अपनी ओर से कोषाध्यक्ष कोई हमराह स्टाफ को न बना कर सरला त्रिपाठी फीलिंग स्टेशन को बना रखा है। इस बात का खुलासा करते हुए सूत्र ने बताया कि थाना प्रभारी यातायात हनुमना से 10 किमी दूर एक छोटे से गांव प्रतापगंज में अपना ठीहा जमा कर रखा है। वहीं अपने लाव लश्कर के साथ वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली की दुकान खोल रखे है। उक्त मार्ग से अवैध खनिज संपदा के साथ ही बड़े वाहन यूपी की ओर जाते है। जिन पर जुर्माना या कार्रवाही न कर उनका आर्थिक दोहन किया जाता है। शनिवार की रात पिपराही से बनारस यूपी की ओर गिट्टी से लोड वाहन क्रमांक यूपी 63 एटी 8238 जा रहा था। जिसके चालक को यातायात थाना प्रभारी ने धमकाते हुए उससे 12 हजार रूपये सरला त्रिपाठी फीलिंग स्टेशन पर स्कै्रन करवाया है। सूत्र ने बताया कि यह कोई एक घटना नहीं है इस प्रकार की कई घटनायें रोज होती है। इन दिनो यूपी की ओर से धान भी आ रही है, उनके साथ भी यातायात थाना प्रभारी यही हथकंडा अपनाये हुए है। चढ़ोतरी न देने पर लंबा जुर्माना कर वाहन को थाना में खड़ी करने की धमकी देते है। सूत्र ने बताया कि सरला त्रिपाठी फीलिंग स्टेशन कहां है यह तो शोध का विषय है लेकिन प्रतापगंज स्थित यातायात के चेक पोस्ट पर सरला त्रिपाठी फीलिंग स्टेशन की चर्चा जोरों पर है।

# धान खरीदी केन्द्रों में लुट रहा किसान, मालामाल हो रहे व्यापारी

### समितियों की मिली भगत से किसानों के खातों में बिक रही व्यापारियों की धान, जिला प्रशासन बेखबर



**रीवा।** जवा धान खरीदी केन्द्रों में ज्यादा तौलाई के साथ ही पांच रुपए कुंटल किसानों से पैसा भी वसूला जा रहा है, समितियों के मिली भगत के चलते गरीब किसानों का धान व्यापारियों द्वारा औने-पौने दाम मे खरीदकर समितियों में बेचा जा रहा है,और यह इतने सफाई से कार्य चल रहा है कि प्रशासन को भी इसकी खबर नहीं है,हालांकि इसकी शुरुआत प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते,जब से धान का रजिस्ट्रेशन शुरू होता है तभी से इस घोटाले की इबारत लिखी जाती है पहले पटवारियों से मिलकर चिन्हित किसानों का सौ रुपए कमिशन के शर्त में रजिस्ट्रेशन कराते हैं फिर उन्ही के खाते में समिति की मिली भगत से धान खरीदी केन्द्रों में बिक्री करते हैं, 1600 से लेकर 1800 तक रुपये किसानों की धान खरीदी करते हैं व्यापारी और फिर शासन द्वारा निर्धारित राशि में बिक्री करते हैं धान, अगर प्रशासन चाहे तो उन सभी किसानों की खातो की जांच करा लें जिनके खातों में धान बिक्री की जा रही है क्योंकि हकीकत में अधिकतर ऐसे किसानों के खातो में धान बिक्री हो रही है जिनके खेतों में या उन नंबरों में जिनमें धान की फीडिंग हुई है उनमें धान की खेती हुई ही नही जिससे एक बडे भ्रष्टाचार का खुलासा हो सकता है,,,

# सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती



**मऊगंज**

जिले मे जगह-जगह पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती धूमधाम से मनाई गई ।मऊगंज भाजपा कार्यालय में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया ।अटलजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और संगोष्ठी कार्यक्रम में अटलजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने किया इस दौरान अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए गए कार्यो का स्मरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री श्रीनिवास त्रिपाठी ने किया । इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता भगवान सेवक अवधिया, सुशील कुमार सोनी,एड. प्रकाश चौरसिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, राजकुमार पटेल महामंत्री,पार्षद वार्ड 08 राजेश सर्राफ,भाजयुमो अध्यक्ष मनीष तिवारी ,सुरेश कोरी,ओमप्रकाश ताम्रकार,अनिल चौरसिया, राजीव पाण्डेय,मंडल मंत्री अखिलेश्वर जायसवाल मंडल मंत्री लव कुश गुप्ता,सोशल मीडिया संयोजक प्रदीप केवट सोशल मीडिया सहसंयोजक देवेंद्र पाण्डेय,अशोक साकेत उपाध्यक्ष, श्रीनिवास मिश्र बाबा संयोजक अवध शरण कारपेंटर झूंगी झोपड़ी,संयोजक हीरामणि चतुर्वेदी,रामदरश पटेल, राजेश गुप्ता अलमारी सहित पार्टी के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची

# जनपद पंचायत मऊगंज के सरई में मुख्य अतिथि विधायक गिरीश गौतम रहे





**मऊगंज ।**

जिले मे यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन व चयन भी किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन में आडियो, वीडियो, ब्रोसर आदि सामग्री उपलब्ध है। यात्रा के दौरान विभागीय स्टालों में योजनाओं की जानकारी देने व हितलाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था करायी गयी है।जनपद पंचायत मऊगंज के सरई सेंगर में आयोजित विकास यात्रा में विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया ।